Reg. No. : ......................................

Name : ..........................................

**SY-505**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2023**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना** : **1** से **5** तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5 × 1 = 5)**

1. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, नाटक, आत्मकथा)

2. इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?

   (गुलाब का फूल, कुमुद का फूल, आम का फूल)



Downloaded from www.hssreporter.com

3. कवि अनंग किस कहानी का पात्र है ?

(दवा, भटका हुआ पीर, मुरकी उर्फ बुलाकी)

4. कैदी बाप को किसने खत भेजा ?

(बेटा, पत्नी, बेटी)

5. 'आदमी का चेहरा' किसकी रचना है ?

(डॉ. जे. बाबू, कुँवर नारायण, अमृता प्रीतम)

**सूचना** : कवितांश पढ़ें और **6** से **8** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।
बस तेरे ही सुरस–सार से सनी हुई है।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी।
हे मातृभूमि यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी।

6. देह शब्द का समानार्थी कौन सा है ? **(1)**

(आकाश, शरीर, समुद्र)

7. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा' कवि इस प्रकार क्यों सोचता है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**



Downloaded from www.hssreporter.com

**सूचना : 9 से 11** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखें । **(2 × 2 = 4)**

9. लेखिका को स्कूटरवाला पीर जैसा क्यों लगा ?

10. 'कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी' । रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई, क्यों ?

11. कैदी बाप के लिए किसका खत आँसूनामा था ? क्यों ?

**सूचना : 12 से 15** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(3 × 4 = 12)**

12. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- मैं प्यार से उसको मुरकी बुलाती थी, कभी बुलाकी ।
- किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर लौट आई, नहीं तो न जाने कहाँ भटकती ।
- मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा ।

13. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

नभ गुँजाती

नीड़ गिरे शिशु पै

मँडराती माँ



Downloaded from www.hssreporter.com

14. जीवन–वृत्त पढ़ें और अमृता प्रीतम के बारे में एक अनुच्छेद लिखें :

| | | |
|---|---|---|
| | | **जीवन–वृत्त** |
| नाम | : | अमृता प्रीतम |
| जन्म | : | 1919 |
| जन्मस्थान | : | गुजरांवाला, पंजाब |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कहानियों के आँगन में, कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं हैं |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ पुरस्कार 1982 |
| मृत्यु | : | 2005 |

15. खाना–पीना साथ है

मरना–जीना साथ है

सारी ज़िन्दगी –

दोस्ती की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना** : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न **16** और **17** के उत्तर लिखें ।

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार–बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना ।

16. भारत की सेवा का अर्थ क्या है ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें । **(6)**



Downloaded from www.hssreporter.com

**सूचना : 18** से **22** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

18. नवंबर 14 बाल दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है ।

**विषय :** बच्चे कल के भविष्य हैं । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

19. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली

हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली

बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौ सुंदर सुखदाई

तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई

आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोऊ नैन अघाई

'सूर' श्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

20. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिन्दी में अनुवाद करें ।

Smt. Droupadi Murmu is the 15th President of India. She was born on 20th June, 1958 in Odisha. Her father was a farmer.

(farmer – किसान)

21. राजवंती ऐसे रोई जैसे उसकी आँखों में मुरकी के आँसू मिले हुए थे – मुरकी के बारे में राजवंती अपने एक मित्र को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- मुरकी एक शहरी लड़के के साथ भाग गई ।
- शहरी लड़का सराय में छोड़कर चला गया ।
- एक दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर राजवंती के पास पहुँची ।



Downloaded from www.hssreporter.com

22. 'गर्मी की एक साँझ में वह मेरे गेट के सामने खड़ा होकर मुझसे पूछ रहा था, पानी पिएँगीं' ? लेखिका और स्कूटरवाले के बीच की बातचीत लिखें ।

- स्कूटरवाला स्कूटर चलाकर रोटी कमाता है ।
- लाखों लोगों की प्रार्थनाओं से वह ग्रैजुएट हो गया ।
- यात्रियों को पानी पिलाता था ।

23. सही मिलान करें । **(8 × 1 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Algebra | – | टीकाकरण |
| Blood Pressure | – | उपग्रह |
| Chemistry | – | जंतुविज्ञान |
| Energy | – | बीजगणित |
| Geography | – | रक्तचाप |
| Satellite | – | भूगोल |
| Vaccination | – | रसायन विज्ञान |
| Zoology | – | ऊर्जा |



Downloaded from www.hssreporter.com

**सूचना : 24** से **26** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखें । **(2 × 8 = 16)**

24. प्रीमियर कंपनी की ओर से एक लैपटॉप (Laptop) बाज़ार में आया है । इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक डिज़ाइन
- मनपसंद रंगों में
- हार्ड डिस्क मुफ्त
- 3 वर्ष वारंटी

25. लेखक विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने के लिए पारामारिबो पहुँचे । वहाँ के अनुभवों के आधार पर लेखक डायरी लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- सम्मेलन के अनुभव
- सूरीनाम की आबादी
- हिन्दी फिल्मों तथा संगीत का योगदान

26. बेटी के आँसूनामा ने बादशाह के मन को विचलित कर दिया । बादशाह अपनी आत्मकथा में इसका उल्लेख करता है । वह आत्मकथांश लिखें ।

- परिवारवालों की सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति आकुलता
- खत पढ़ने पर उत्पन्न दर्द



Downloaded from www.hssreporter.com

Downloaded from www.hssreporter.com